दैनिक भास्कर

चंडीगढ़ में लॉन्च हुआ महिंद्रा JEETO

महिन्द्रा का मिनी ट्रक 'जीतो' लॉन्च

चंडीगढ़| महिन्द्रा एंड महिन्द्रा ने अपने नए छोटे कमर्शियल व्हीकल 'जीतो' को चंडीगढ़ में लॉन्च किया है। जीतो अपने वर्ग में ऐसा पहला उत्पाद है, जो मॉड्यूलर 8 मिनी ट्रक्स की रेंज में उपलब्ध करवाया जा रहा है। महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के ईडी डॉ. पवन गोयनका ने बताया कि 1 टन भार वहन क्षमता सेग्मेंट के ग्राहकों की विभिन्न जरूरत के हिसाब से तैयार की गई हैं। चंडीगढ़ में इसकी शुरुआती कीमत 2.49 लाख रुपए है। जीतो एस, एल और एक्स सीरीज में मिनी ट्रक, माइक्रो ट्रक और थ्री व्हीलर ग्राहकों की पसंद के अनुसार डिजाइन किया है। इसमें नया डायरेक्ट इंजेक्शन डीजल इंजन, 37.6 किलोमीटर प्रति लीटर की ईंधन क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है।